## न्यूज डायरी




### पाकिस्तान में बढ़ा लॉकडाउन, 9 मई तक रहेगा जारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने देशभर में लागू आंशिक लॉकडाउन को दो सप्ताह के लिए और बढ़ा दिया। इसके साथ ही देश में घातक वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 11,000 से अधिक हो गई है। कोरोना वायरस के कुल मामलों में लगभग 79 प्रतिशत मामले स्थानीय संक्रमण के हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यहां मीडिया को संबोधित करते हुए योजना मंत्री असद उमर ने कहा, यह फैसला किया गया है कि वर्तमान में लागू प्रतिबंध 9 मई तक जारी रहेंगे। पाकिस्तान भी अपने देश दोस्त चाइना की तरह झूठ तो फैला ही रहा होगा कि उसके वहां कोरोनावायरस के केस काम है। शायद रिएलिटी में उससे ज्यादा हो। झूठ बोलने में तो दोनों एक दूसरे के बाप है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री इमरान खान की अध्यक्षता में हुई राष्ट्रीय समन्वय समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया।

### नवजात बच्चे को सीने से भी नहीं लगा पाई थी मां, कोरोना ने ली जान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बर्मिंघम। कोरोना वायरस ने दुनियाभर में करीब 2 लाख लोगों की जान ले ली है। लोग अपनों से फिर कभी न मिलने के लिए बिछड़ गए हैं। इस त्रासदी के बीच ब्रिटेन के बर्मिंघम शहर में एक मां अपने बच्चे को जन्म देने के बाद उसे गले से भी नहीं लगा पाई थी कि कोरोना ने दोनों को हमेशा के लिए अलग कर दिया। जन्म देने के कुछ ही दिनों बाद कोरोना से संक्रमित मां की जान चली गई।
फौजिया हनीफ (29) ने जब अपने बच्चे के जन्म दिया तो उन्हें भरोसा था कि वह जल्द ही उसे सीने से लगा पाएंगी, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। उन्हें अलग वॉर्ड में शिफ्ट कर दिया गया। कुछ दिनों बाद उन्हें आईसीयू में रखा गया। आखिर में छह दिन बाद कोरोना ने उनकी जान ले ली। नियमित जांच के दौरान ही फौजिया में कोरोना संक्रमण का पता चला था।

### दुनियाभर में कोरोना वायरस से मरने वाले लोगों की एक चौथाई संख्या अमेरिका में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। दुनियाभर में कोरोना वायरस से मरने वाले लोगों में से एक चौथाई लोगों की मौत अमेरिका में हुई है और संक्रमण के एक तिहाई से अधिक मामले अमेरिका में सामने आए हैं। शुक्रवार को आए ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली। नवंबर में चीन के वुहान शहर से शुरू हुई कोरोना वायरस वैश्विक महामारी से अभी तक दुनियाभर में 1,95,000 लोगों की मौत हो चुकी है और 27 लाख से अधिक लोग संक्रमित हैं। 'जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय' के अनुसार अमेरिका इस संक्रामक रोग से सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। देश में 9.2 लाख लोग संक्रमित पाए गए हैं और शुक्रवार तक मरने वाले लोगों की संख्या 51,000 पर पहुंच गई। अमेरिका में कोविड–19 के मामले छह देशों स्पेन (2,19,764), इटली (1,92,994), फ्रांस (1,59,495), जर्मनी (1,54,545), ब्रिटेन (1,44,635) और तुर्की (1,04,912) के कुल मामलों से भी अधिक है।

### किम जोंग उन के लिए चीन ने उत्तर कोरिया भेजे अपने डॉक्टर


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन के बीमार होने की खबरों के बीच चीन से डॉक्टरों की एक टीम कोरिया भेजे जाने की खबर आई है जिससे अटकलें तेज हो गईं। किम जोंग की तबीयत कितनी खराब है, इसे लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है। हालांकि, पिछले दिनों ऐसी खबरें थीं कि कार्डियोवेस्क्युलेर बीमारी के लिए सर्जरी के बाद उनकी सेहत ज्यादा बिगड़ गई थी। ताजा जानकारी के मुताबिक चीन ने उत्तर कोरिया के लिए मेडिकल एक्सपर्ट्स की एक टीम भेजी है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक ये टीम किम जोंग उन को सलाह देने के लिए भेजी गई है। रिपोर्ट्स की मानें तो कम्यूनिस्ट पार्टी के इंटरनैशनल लायजन डिपार्टमेंट के एक सीनियर सदस्य के नेतृत्व में पेइचिंग से कोरिया के लिए यह टीम गई है। इससे पहले साउथ कोरिया के एक सूत्र ने बताया था कि किम जोंग उन जिंदा हैं और जल्द ही पब्लिक के सामने आएंगे।

# चीन ने खारिज की कोरोना के स्रोत की जांच की मांग

**मांग**

■जांच से चीन का कोरोना महामारी से लड़ने से ध्यान हट जाएगा

### शीर्ष राजनयिक चेन वेन ने कहा कि इस तरह की मांग राजनीति से प्रेरित है



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
पेइचिंग। चीन ने कोरोना वायरस के स्रोत को लेकर एक स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय जांच की मांग को खारिज कर दिया है। ब्रिटेन में चीन के एक शीर्ष राजनयिक चेन वेन ने कहा कि इस तरह की मांग राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि इससे चीन का महामारी से लड़ने से ध्यान हट जाएगा। दरअसल, कोरोना वायरस की शुरुआत चीन के वुहान शहर से हुई थी।
अब अमेरिका समेत दुनियाभर से मांग हो रही है कि चीन इस महामारी के स्रोत की स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय जांच कराए। इस बीच यूरोपीय संघ ने अपनी एक रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि चीन कोरोना संकट को लेकर गलत सूचनाएं फैला रहा है। कोरोना संकट ठीक ढंग से नहीं संभाले के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई बार चीन की आलोचना कर चुके हैं। उन्होंने यहां तक कह दिया था कि अमेरिका चीन में अपना जांच दल भेजना चाहता है।

**कोरोना वायरस की उत्पत्ति चीन के वुहान सेः यूएस**
इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने कहा है कि अमेरिका दूसरे देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है और उन्हें यह समझा रहा है कि कोरोना वायरस की उत्पत्ति चीन के वुहान से हुई है। उन्होंने कहा कि वायरस कहां से आया यह समझाने की जिम्मेदारी चीन की है। उन्होंने बेन शापिरो शो में शुक्रवार को कहा कि चीन को दिसंबर 2019 से वायरस के बारे में पता था। पोम्पियो ने कहा, 'हमें अमेरिका में हुई मौतों और यहां जिस तरह के आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है उसके लिए जिम्मेदार पक्षों की जवाबदेही तय करनी होगी।' उन्होंने ने कहा कि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था बर्बाद हो गई। अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा, 'कूटनीतिक तौर पर हम दुनियाभर के देशों से बात कर रहे हैं, सही कदम उठाने में, अर्थव्यवस्थाओं को फिर से खोलने में और यह सुनिश्चित करने में मदद कर रहे हैं कि सही समय आने पर अंतरराष्ट्रीय यात्राएं शुरू की जा सकें ताकि वैश्विक व्यापार शुरू हो सके।'

**चीन को दिसंबर 2019 में निश्चित जानकारी थीः** पोम्पियो ने कहा, 'हम उन देशों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि उन्हें समझा सकें इस वायरस की उत्पत्ति चीन के वुहान में हुई और चीन की सरकार को इसके बारे में दिसंबर 2019 में निश्चित ही जानकारी थी। और एक राष्ट्र के रूप में वे अपने बुनियादी कर्तव्यों का पालन करने में विफल रहे। यही नहीं, वे विश्व स्वास्थ्य संगठन के अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों का पालन करने में भी विफल रहे और उसके बाद इस सब को छिपाने के लिए उन्होंने बहुत कुछ किया।'

## साउथ अफ्रीका के राष्ट्रपति को मास्क पहनने में छूटा पसीना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
केपटाउन। कोरोना संकट में घिरे दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा को शनिवार को एक मास्क पहनने में पसीना छूट गया। रामफोसा उस समय टीवी पर लाइव थे और उनकी जमकर किरकिरी हुई। राष्ट्रपति उस समय टीवी पर लोगों को मास्क पहनने के फायदे गिना रहे थे। इस दौरान राष्ट्रपति ने ऐलान किया कि अगले महीने से देश में लॉकडाउन में कुछ ढील दी जाएगी।
राष्ट्रपति ने लोगों से अपील की कि वे जब पब्लिक ट्रांसपोर्ट में सफर करें तो फेस मास्क जरूर पहनें। इसके बाद उन्होंने लोगों को मास्क पहनने का तरीका बताया। यही पर सबकुछ रामफोसा की योजना के मुताबिक नहीं हुआ। राष्ट्रपति जब कपड़े से बना मास्क पहन रहे थे तब वह उनके कानों के पास फंस गया और उसको पहनने में उनके पसीने छूट गए। मास्क को निकालने के प्रयास में एक समय ऐसा हो गया जब राष्ट्रपति की आंखें भी मास्क से छिप गई। राष्ट्रपति के मास्क निकालने का यह विडियो अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। सोशल मीडिया पर इस चर्चा के बाद राष्ट्रपति ने बयान जारी कर कहा, कल जो लोग मेरे ऊपर हंस रहे थे, मैं एक टीवी चैनल खोलने जा रहा हूं जहां मैं लोगों को बताउंगा कि मास्क कैसे पहना जाए।



**चीन में मैनहोल का ढक्कन चोरी करने पर हो सकती है सजा-ए-मौत**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। चीन में मैनहोल का ढक्कन चुराने वालों की शामत आने वाली है। सुनने में भले ही यह अपराध आम लगे लेकिन इसके कारण होने वाले नुकसान को देखते हुए इसकी सजा मौत हो सकती है। चाइना डेली की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2017 से 2019 के बीच मैनहोल का ढक्कन हटाने या उसे नुकसान होने के कारण 70 हादसे हो चुके हैं। देश की सुप्रीम पीपल्स कोर्ट, सुप्रीम पीपल्स प्रोक्यूरोटोरेट और पब्लिक सिक्योरिटी मंत्रालय ने एक जॉइंट स्टेटमेंट में सख्त सजाएं जारी की हैं।

## बुजुर्गों की देखभाल को लेकर घिरा अमिताभ बच्चन समर्थित केंद्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
जोहानिसबर्ग। बॉलिवुड के महानायक अमिताभ बच्चन दक्षिण अफ्रीका में भारतीय मूल के बुजुर्गों के लिए एक सदी पुराने आवासीय देखभाल केंद्र की खातिर पिछले कई वर्षों से पैसा जुटाते रहे हैं। यह केंद्र कोविड–19 वैश्विक महामारी के कारण लगाए देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान नियमों के कथित उल्लंघन को लेकर अब काफी विवादों में आ गया है।
आर्यन बेनेवोलेंट होम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन पुत्तुनदीन और ठेकेदार रोशन लक्ष्मण को पुलिस ने बुजुर्गों के चौटसवर्थ होम में कोविड–19 पृथक वार्ड तैयार करने के लिए आवश्यक

**एबीएच का समर्थन करते हैं अमिताभ बच्चन**

अनुमति न होने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। एबीएच इस केंद्र में कोरोना वायरस फैलने की आशंका के मद्देनजर तैयारी के तौर पर 24 बिस्तरों का वार्ड बना रहा था, उसी दौरान पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई।
लक्ष्मण ने वेबसाइट 'इंडिपेंडेंट ऑनलाइन' को बताया कि उनके और पुत्तुनदीन के पास लॉकडाउन के दौरान काम करने के लिए वैध दस्तावेज थे जिन्हें पुलिस ने कानून सम्मत मानने से इनकार कर दिया। लक्ष्मण ने बताया कि वे सभी मजदूरों समेत उन्हें पुलिस थाने ले गए। पुलिस थाने में सामाजिक दूरी बनाए रखना संभव नहीं था और सभी को एक बरामदे में रखा गया, जब तक कि पुलिस ने उनके मजदूरों को चेतावनी देकर छोड़ नहीं दिया।
लक्ष्मण और पुत्तुनदीन को शाम को रिहा किया गया, जब उनके वकील ने जमानत राशि जमा की। लक्ष्मण के मुताबिक यह घटनाक्रम उनके लिए अपमानजनक था। उन्होंने कहा कि पुलिस ने उनके साथ इस तरह का बर्ताव किया, मानो वे नशीले पदार्थ या शराब बेच रहे थे। अमिताभ बच्चन तब से एबीएच का समर्थन करते रहे हैं जब वह बॉलीवुड कार्यक्रम 'नाऊ ओर नेवर' के सिलसिले में 2002 में दक्षिण अफ्रीका की यात्रा के दौरान पहली बार यहां आए थे।

### अमेरिका दूसरे देशों को बता रहा कि कोरोना वायरस की उत्पत्ति चीन में हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने कहा कि अमेरिका दूसरे देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है और उन्हें यह समझा रहा है कि कोरोना वायरस की उत्पत्ति चीन के वुहान से हुई है। उन्होंने कहा कि वायरस कहां से आया यह समझाने की जिम्मेदारी चीन की है। उन्होंने बेन शापिरो शो में शुक्रवार को कहा कि चीन को दिसंबर 2019 से वायरस के बारे में पता था। उन्होंने कहा, "हमें अमेरिका में हुई मौतों और यहां जिस तरह के आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है उसके लिए जिम्मेदार पक्षों की जवाबदेही तय करनी होगी।" पोम्पियो ने कहा कि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था बर्बाद हो गई। पोम्पियो ने कहा, "हम उन देशों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि उन्हें समझा सकें इस वायरस की उत्पत्ति चीन के वुहान में हुई और चीन की सरकार को इसके बारे में दिसंबर 2019 में निश्चित ही जानकारी थी। और एक राष्ट्र के रूप में वे अपने बुनियादी कर्तव्यों का पालन करने में विफल रहे। यही नहीं, वे विश्व स्वास्थ्य संगठन के अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों का पालन करने में भी विफल रहे।